Chapter- 10

# नुक्ता (ज़ - फ़) आगत व्यंजन

## STUDY NOTES

- हम आगत ध्वनियों की पहचान तथा उनके उच्चारण का ज्ञान प्राप्त करेंगें।

- 'आगत' शब्द से अभिप्राय है 'आई हुई' अर्थात जो ध्वनियाँ अन्य भाषाओं जैसे अंग्रेजी, उर्दू, अरबी तथा फारसी भाषाओं से आये हैं। आगत ध्वनियों से बने शब्द हम हिन्दी भाषाओं में प्रयोग करते हैं। जैसे – डॉक्टर, ज़रूर, ज़मीन

- आगत ध्वनियाँ → नुक्ता ( . )
  → अर्धचन्द्रकार ( ॅ )

- नुक्ता - हिन्दी में अग्रेज़ी तथा उर्दू भाषा के शब्द निरन्तर प्रवेश कर रहे हैं। किन्तु उनका शुद्ध उच्चारण करने के लिए हिन्दी में लिपि चिह्न नहीं हैं। इसलिए उनको शुद्ध रूप में लिखने के लिए हिन्दी के व्यंजनों के नीचे एक बिंदु लगाया जाता है। उस बिदुं को ही नुक्ता कहते हैं।

- नुक्ता का प्रयोग केवल पाँच व्यंजनों के नीचे किया जाता है जिसे हम आगत व्यंजन भी कहते हैं। (क़ , ख़ , ग़ , ज़ , फ़ )

- महत्वपूर्ण तथ्य - 'क़' , 'ख़', 'ग़' में नुक्ते का प्रयोग अनिवार्य न हो कर ऐच्छिक है अर्थात हम इसका प्रयोग कर सकते हैं और नहीं भी। लेकिन (ज़, फ़) में नुक्ता लगाना उच्चारण एवं लेखन दोनों के लिए आवश्यक है।

- 'ज़' का उच्चारण अग्रेज़ी के ' Z ' की तरह होती है।

- 'फ़' का उच्चारण के समय होठों से उष्म वायु अधिक मात्रा में निकलती है।

- 'ड़', 'ढ़' वर्ण हिन्दी वर्णमाला के स्पर्श व्यंजन के प्रकार है, जिसका उच्चारण 'ड' 'ढ' वर्ण से अलग होते है।

- नुक्ता के शब्द

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| फ़ | - | साफ़ , | माफ़ , | फ़ायदा , | फ़िल्म |
| ज़ | - | ज़रा , | ज़मीन , | कागज़ , | आवाज़ |
| ड़ | - | सड़क , | पेड़ , | पकड़ , | पहाड़ |
| ढ़ | - | पढ़ना , | चढ़ना , | बढ़ना , | पढ़ाई |

ODM EDUCATIONAL GROUP

- अर्धचन्द्राकार ( ॅ ) – हिन्दी भाषा में अंग्रेजी भाषा के कई शब्दों का प्रयोग किया जाता हैं। इनमें कुछ शब्दों में प्रयुक्त होने वाली ध्वनि हिन्दी से भिन्न हैं। यह ध्वनि 'आ' तथा 'ओ' के बीच की है। इसलिए हिन्दी में इसके शुद्ध उच्चारण तथा लेखन के लिए अर्धचन्द्राकार नामक चिन्ह विकसित किया गया है। इसका चिन्ह ( ॅ ) हैं।

- शब्द – फ्रॉक, डॉक्टर, बॉल, कॉपी, टॉफ़ी

# अभ्यास कार्य

१. उचित स्थान पर नुक्ते का प्रयोग कीजिए -

फीस - फ़ीस

प्राइज - प्राइज़

फर्क - फ़र्क

तूफान - तूफ़ान

डिवीजन - डिवीज़न

फैसला - फ़ैसला

फसल - फ़सल

जुल्म - ज़ुल्म

फिल्म - फ़िल्म

फायर - फ़ायर

जरा - ज़रा

रफ्तार - रफ़्तार

फर्ज - फ़र्ज़

इज्जत - इज़्ज़त

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

## २. चित्र के नाम लिखिए -



सड़क



जहाज़



फ़कीर



कॉपी



बढ़ई

## ३. सही शब्द चुनकर लिखिए –

क) पहा ...... (ड़ / ढ़)

ख) क ...... क (ड़ / ढ़)

ग) प ...... ना (ड़ / ढ़)

घ) च ...... ना (ड़ / ढ़)

उत्तर – (क) पहाड़ (ख) कड़क (ग) पढ़ना (घ) चढ़ना

◆◆◆

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow